देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 09.12.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद और जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के लिए शिक्षक संवर्ग नियमावली की प्रगति की समीक्षा की।
- प्रमुख वन सचिव आर.के. सुधांशु ने कहा– मानव वन्य जीव संघर्ष न्यूनीकरण के हरसंभाव प्रयास जारी।
- हरिद्वार में वर्ष 2027 में होने वाले अर्धकुंभ में भीड़ के कुशल प्रबंधन के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कीं।
- आईआईटी रुड़की में स्मार्ट इंडिया हैकथॉन– हार्डवेयर संस्करण के ग्रैंड फिनाले का शुभारंभ।

शिक्षा मंत्री

विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने देहरादून में विभागीय बैठक ली। बैठक में राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद– एससीईआरटी और जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान– डायट के लिए अलग से शिक्षक संवर्ग की नियमावली, आवासीय विद्यालयों की व्यवस्था, प्राथमिक शिक्षा के तहत सहायक अध्यापकों की भर्ती आदि की विस्तार से समीक्षा की गई। डॉ. रावत ने कहा कि यूजीसी मानकों के अनुरूप एससीईआरटी का ढांचा बनेगा। उन्होंने अधिकारियों को प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापकों की नियुक्ति अति शीघ्र करने के निर्देश दिए। साथ ही राजीव गांधी नवोदय विद्यालय और अन्य राजकीय आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सुदृढ़ीकरण करने के लिए प्रधानाचार्य, उप प्रधानाचार्य व अध्यापकों की स्थायी नियुक्ति के लिए नियमावली तैयार करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारियों को राज्य में माध्यमिक विद्यालयों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया इसी माह शुरू की जाए। इसमें स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके अलावा एलटी से प्रवक्ता और प्रधानाध्यापक के पदों पर पदोन्नति की प्रक्रिया शीघ्र करने पर जोर दिया।

मानव–वन्यजीव संघर्ष

प्रमुख वन सचिव आर.के. सुधांशु, प्रमुख वन संरक्षक तथा गढ़वाल मंडल के आयुक्त विनय शंकर पांडेय ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ पौड़ी तहसील के गजल्ड गांव का दौरा किया। प्रमुख वन सचिव ने प्रभावित परिवार को मुआवजे की अग्रिम राशि का चेक भेंट किया। उन्होंने गजल्ड घटना को लेकर जिला प्रशासन और वन विभाग द्वारा की गई त्वरित कार्यवाही और ग्रामीणों के सहयोग की भी सराहना की। उन्होंने घटना स्थल का निरीक्षण कर आदमखोर गुलदार के निस्तारण के लिए की जा रही व्यवस्थाओं का जायज़ा लेने के बाद सत्यखाल गांव में स्थानीय निवासियों से मुलाकात कर उनकी वन्यजीव संबंधी शिकायतें सुनीं और उन्हें शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। दौरे के बाद प्रभावित क्षेत्र के प्रतिनिधिमंडल ने विकास भवन में प्रमुख वन सचिव से मुलाकात कर मानव–वन्यजीव संघर्ष के प्रभावी न्यूनीकरण हेतु अपने सुझाव प्रस्तुत किये। प्रमुख वन सचिव ने सभी बिंदुओं पर तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित

अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए और मौके पर ही सभी महत्वपूर्ण मुद्दों का समाधान सुनिश्चित किया। इसके बाद उन्होंने विकास भवन सभागार में मानव वन्यजीव संघर्ष पर सभी प्रमुख विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। प्रमुख वन सचिव ने मानव–वन्यजीव संघर्ष न्यूनीकरण के लिए प्रत्येक रेंज स्तर पर नियमित रूप से प्रभागीय दिवस आयोजित करने के निर्देश दिए।

नागर विमानन मंत्री

नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा है कि वर्तमान के हवाई संकट के लिए इंडिगो पूरी तरह ज़िम्मेदार है और वह अपने कर्तव्यों का पालन करने में विफल रही है। डीडी न्यूज़ से विशेष बातचीत में श्री नायडू ने कहा कि सरकार पर उनका कोई दबाव नहीं है और उसने हमेशा सभी एयरलाइनों के साथ समान व्यवहार किया है। उन्होंने घोषणा की, कि सरकार इंडिगो के कुल दो हजार 200 हवाई मार्गों को बंद करके और उन्हें अन्य ऑपरेटरों को सौंपकर उसके संचालन को सीमित करने की योजना बना रही है।

इस बीच, नागर विमानन सचिव, समीर कुमार सिन्हा ने कहा है कि उड़ान संचालन लगभग सामान्य हो गया है। संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने इसकी जानकारी दी।

राशन कार्ड ई–केवाईसी

रुद्रप्रयाग जिला प्रशासन ने आगामी 15 दिसंबर तक सभी राशन कार्डधारकों को ई–केवाईसी और मोबाइल नंबर सीडिंग अनिवार्य रूप से पूरा कराने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि तय तिथि तक ई–केवाईसी नहीं कराने वाले राशन कार्ड और यूनिटें अस्थायी रूप से निष्क्रिय कर दी जाएंगी। जिला पूर्ति अधिकारी के.एस कोहली ने बताया कि बीमार, अत्यंत बुजुर्ग, असाध्य रोगियों, अंगहीन और बायोमेट्रिक सत्यापन में असमर्थ व्यक्तियों की अलग सूची तैयार की जाएगी, ताकि उन्हें विशेष राहत दी जा सके। वहीं 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों की ई–केवाईसी नहीं की जाएगी। लाभार्थियों को अपने नजदीकी सस्ता गल्ला विक्रेता के पास जाकर बायोमेट्रिक ई–केवाईसी और मोबाइल नंबर अपडेट कराने की अपील की गई है, ताकि किसी भी परिवार को राशन वितरण या अन्य सरकारी योजनाओं से वंचित न होना पड़े। जिला प्रशासन ने समय पर सहयोग देने की जनता से अपील की है।

अर्धकुंभ तैयारी

हरिद्वार में वर्ष 2027 में होने वाले अर्धकुंभ को लेकर जिला प्रशासन, हर की पैड़ी क्षेत्र के लिए एक विस्तृत योजना तैयार कर रहा है, जिससे भीड़ प्रबंधन को सुचारू और सुरक्षित बनाया जा सके। योजना के लागू होने के बाद हर की पैड़ी को सीधे आस्था पथ से जोड़ा जाएगा, ताकि आपातकालीन स्थिति में तीर्थयात्रियों को सुरक्षित मार्ग की सुविधा मिल सके। योजना के अनुसार अगर हर की पैड़ी पर भीड़ अत्यधिक बढ़ जाती है, तो श्रद्धालुओं को धनुष पुल की ओर मोड़ते हुए सीधे चंडी पुल तक ले जाया जाएगा। इसके लिए रूट को मजबूत, चौड़ा और सुगम बनाया जा रहा है। आस्था पथ की मरम्मत और सौंदर्यकरण भी

तेजी से किया जा रहा है। परियोजना के दूसरे चरण में चंडी घाट से बैरागी कैंप तक मार्ग को विकसित किया जाएगा। कुंभ मेला अधिकारी सोनिका ने बताया कि मेले के तहत होने वाले सभी निर्माण कार्यों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी निर्माण कार्य में कमी पाई जाती है, तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि समय सीमा और गुणवत्ता में किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

स्मार्ट इंडिया हैकथॉन

आईआईटी रुड़की में स्मार्ट इंडिया हैकथॉन– हार्डवेयर संस्करण के ग्रैंड फिनाले का शुभारंभ हो गया है। सात दिनों तक चलने वाले हैकथॉन में देशभर के 150 छात्र और 36 संकाय मार्गदर्शक एक ही मंच पर जुटे हैं। शिक्षा मंत्रालय की इनोवेशन सेल और आईआईटी रुड़की, इसका नेतृत्व कर रहे हैं, जहां भारत के भावी हार्डवेयर इनोवेटर्स अपने विचारों को हकीकत में बदलेंगे। इस बार आईआईटी रुड़की में 25 टीमें पांच बड़े राष्ट्रीय समस्या–वक्तव्यों पर काम कर रही हैं, जिन्हें गृह मंत्रालय और कृषि मंत्रालय ने प्रस्तुत किया है। इसके तहत अत्यधिक मौसम की निगरानी, उपग्रह आधारित हैंड हेल्ड रेडियो, फसल परिपक्वता पूर्वानुमान उपकरण, कम लागत वाली कपास तोड़ने की मशीन और जूट रेटिंग प्रक्रिया में सुधार लाने के लिए यंत्र शामिल हैं। ये सभी नवाचार आत्मनिर्भर भारत, डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया और कृषि जैसे राष्ट्रीय लक्ष्यों को नई ऊर्जा देने वाले हैं। प्रतिभागी छात्रा समीक्षा ने मशीन के जरिए जूट को निकालने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी।

अवैध खनन छापेमारी

चंपावत जिला प्रशासन ने अवैध खनन गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए सीमावर्ती मंच–बकोड़ा क्षेत्र में कार्रवाई की। तहसीलदार बृजमोहन आर्य के नेतृत्व में हुई औचक छापेमारी में अवैध खनन में लिप्त एक मशीन और चार डंपरों को जब्त किया गया। टीम के मौके पर पहुंचते ही ऑपरेटर और डंपर चालक फरार हो गए। मशीन से क्षेत्र में अवैध रूप से खुदाई की जा रही थी, जबकि चारों डंपर खनिज सामग्री लेकर टनकपुर की ओर जा रहे थे। तहसीलदार ने सभी जब्त वाहनों का चालान कर उन्हें तुरंत सीज करने की कार्रवाई की। इसके साथ ही पूरे क्षेत्र को राजस्व टीम की निगरानी में लिया गया है, ताकि भविष्य में ऐसी गतिविधियों को रोका जा सके। तहसीलदार ने बताया कि क्षेत्र में अवैध खनन की शिकायतें लगातार मिल रही थीं, जिसके आधार पर विशेष सतर्कता बरतते हुए यह कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में निगरानी व्यवस्था को और सख्त कर दिया गया है।